# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 9 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण पंचमी
विक्रम संवत-2082


PAGE NO 7 : MIDDLE

# कूच बिहार ट्रॉफी 16 से, यूपी और बंगाल की टीमों के बीच होगी भिड़ंत

संवाद न्यूज एजेंसी


बरेली। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट कैलेंडर के तहत जिले को अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबले की मेजबानी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह मुकाबला 16 से 19 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश और बंगाल की टीमों के बीच श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परिसर स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें जिले के खिलाड़ी दक्ष चंदेल भी यूपी टीम का हिस्सा हैं।

सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना ने कहा कि जिला कई प्रतियोगिताओं के साथ-साथ कूच बिहार ट्रॉफी मुकाबलों की सफलतापूर्वक मेजबानी कर चुका है। इससे पहले वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश और नागालैंड व वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच मैच यहां आयोजित हो चुके हैं। इसी को देखते हुए यूपीसीए ने बरेली को तीसरी बार मैच की मेजबानी सौंपी है।

## तीसरी बार शहर को मिली बड़ी प्रतियोगिता के मैच की मेजबानी

**बीसीसीआई और यूपीसीए के अधिकारियों ने किया था निरीक्षण :** बीसीसीआई और यूपीसीए के अधिकारियों की ओर से स्टेडियम का निरीक्षण भी किया गया था और इसे मानकों के अनुसार उपयुक्त पाए जाने के बाद जिले को मेजबानी का अवसर मिला। इसी क्रम, में अब 14 दिसंबर को टीमें शहर पहुंचेंगी। 15 दिसंबर को खिलाड़ियों के लिए अभ्यास सत्र आयोजित किया जाएगा और 16 दिसंबर की सुबह नौ बजे मुकाबले की शुरुआत होगी। प्रेसवार्ता में बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, सीनियर संयुक्त सचिव ओपी कोहली, कोषाध्यक्ष शहजाद अली, संयुक्त सचिव राहुल कपूर, आयोजन अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## जिले के दक्ष चंदेल भी हैं यूपी टीम में शामिल



दक्ष चंदेल बचपन से ही खेलों में रुचि रखते थे। उनके माता-पिता दोनों ही राष्ट्रीय स्तर के एथलीट रह चुके हैं। उनके पिता डॉ. अमित सिंह चंदेल ने बताया कि दक्ष मात्र चार साल के थे, जब उन्होंने गेंद और बल्ले को थामा। इसके बाद उन्होंने खेल की बारीकियां सीखना शुरू की। वह ऑलराउंडर के रूप में खेलते हैं। इससे पहले वह अंडर-14 और अंडर-16 प्रदेश टीम का हिस्सा रह चुके हैं। दक्ष भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को अपना आदर्श मानते हैं और उनका सपना राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का है।

PAGE NO 7 : BOTTOM

# अमित और अंश की गेंदबाजी के आगे न्यू जेनरेशन की टीम 72 रनों पर सिमटी

बरेली। रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित रवींद्र नाथ टैगोर क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को न्यू जेनरेशन और रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। इसमें रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी आठ विकेटों से विजेता बनी। अमित यादव और अंश यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी की।

टॉस जीतकर न्यू जेनरेशन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में सभी विकेट खोकर 72 रन बनाए। शिव वर्मा और प्रिंस दिवाकर ने 10-10 रनों का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

रविंद्र नाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी की ओर से अमित यादव ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। उन्होंने 7.4 ओवरों में 21 रन देकर यह उपलब्धि अपने नाम की। अंश यादव ने चार ओवरों में सात रन देकर तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए रवींद्र नाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी की टीम ने 12 ओवर में आठ विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। न्यू जेनरेशन की ओर से असद और अरुण ने एक-एक विकेट लिया। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए, मैन ऑफ द मैच का खिताब अमित यादव को दिया गया। मुकाबले में अंपायरिंग मनोज यादव और अभिजीत तोमर ने की। टूर्नामेंट सचिव मनीष सिंह ने बताया कि मंगलवार को एसआरएमएस जूनियर और कोर्सेज क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला जाएगा। संवाद